Date:

Registration number:

ST. JOSEPH'S COLLEGE (AUTONOMOUS), BENGALURU-27

B.SC. HINDI - IV SEMESTER

SEMESTER EXAMINATION: APRIL 2022

(Examination conducted in July 2022)

HNS 420 – HINDI

Time- 2 ½ hrs. Max Marks-70

This question paper contains 02 printed pages and five parts

प्रश्न I: निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक हज़ार शब्दों में लिखिए। 12x 02=24

1. 'तमस' उपन्यास के पात्र नत्थू के जीवन–संघर्षों को अपने शब्दों में लिखिए।
2. 'तमस' उपन्यास में देश और समाज के विभाजन को दिखाया गया है' – इस कथन की समीक्षा कीजिए।
3. 'तमस' उपन्यास में शांति स्थापित करने के लिए किए गए अमन कमेटी और कॉँग्रेस के प्रयासों को अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न II: निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 08x 02=16

4. "मुझे कल सैयदपुर जाना है, एक कुएँ में डिसइन्फेक्टैन्ट डलवाना है, जहाँ कुछ औरतें डूब मरी थीं। तुम भी साथ क्यों नहीं चलती? उधर से हम मोटर में टैक्सिला की ओर निकल जाएँगे। टेक्सिला का म्यूज़ियम देख लेंगे। क्या कहती हो? वह सारा इलाका बड़ा सुन्दर है।"
5. नत्थू ने एक बार फिर अपना जेब छूकर देखा। नोट चरमराया। उसे तसल्ली हुई। भला हो मुरादअली का जो पहले ही सारी–की–सारी रकम दे गया वरना अगर अठन्नी हाथ पर रखकर बाकी रकम बाद में देने को कह जाता तो नत्थू चमार उसका कर ही क्या सकता था।
6. इसका जवाब मण्डली की ओर से एक बड़ी उम्र के आदमी ने दिया: "कांग्रेस सबकी जमात है। हिन्दुओं की, सिखों की, मुसलमानों की। आप अच्छी तरह जानते हैं महमूद साहिब, आप भी पहले हमारे साथ ही थे।"

प्रश्न III: निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए। 05x 02=10

7. 'तमस' उपन्यास से मिलने वाली सीख को अपने शब्दों में लिखिए।
8. हरनाम सिंह और उसकी पत्नी के जीवन–संघर्ष को अपने स्पष्ट कीजिए।
9. भीष्म साहनी का जीवन और रचनाओं का परिचय दीजिए।

प्रश्न IV: निम्नलिखित में से किसी एक विषय लगभग सात सौ शब्दों में टिप्पणी लिखिए। 01x 10=10

10. कार्यालयीन भाषा और राष्ट्रभाषा में अंतर बताकर अपनी मातृभाषा पर टिप्पणी लिखिए।
11. हिंदी भाषा पर अपने विचारों को लिखकर राष्ट्रीय एकता में इसकी भूमिका पर निबंध लिखिए।

प्रश्न V: निम्नलिखित में से किसी एक विषय लगभग सात सौ शब्दों में निबंध लिखिए। 01x 10=10

12. विज्ञान का मानवता के विकास में योगदान
13. मानवीय सुरक्षा के लिए विज्ञान के उपयोग पर टिप्पणी लिखिए।

==========================